भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 291
उत्तर देने की तारीख 27 नवम्बर, 2024

डाक विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाएं

291. श्री नारायण तातू राणे :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश भर में डाक विभाग द्वारा दी गई सेवाओं का ब्यौरा क्या है और इन सेवाओं से अर्जित राजस्व का सेवा एवं वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने चालू वित्त वर्ष के दौरान डाक सेवाओं से राजस्व अर्जित करने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ग) क्या वर्तमान में डाक विभाग में डाकपाल एवं डाकियों सहित कर्मचारी तथा ढांचागत सुविधाएं पर्याप्त हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार का अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती करने का विचार है; और

(ङ) क्या सरकार ने देश के विभिन्न भागों में डाक एवं पार्सल भेजने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए डाक सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान डाक विभाग द्वारा अर्जित राजस्व का सेवा-वार एवं वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है :-

(राशि करोड़ रुपए में)

सेवाएं	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
मेल एवं पार्सल सेवाएं	3656.42	4146.39	4640.99
डाकघर बचत स्कीम (एजेंसी प्रभार)	6114.47	6186.71	6427.08
मनीऑर्डर और इंडियन पोस्टल ऑर्डर	118.02	84.41	73.13
वसूलियां : डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, इनपुट टैक्स क्रेडिट आदि	1202.63	1139.24	1255.88
अन्य सेवाएं एवं विविध*	971.89	500.38	180.15
कुल	**12063.43**	**12057.13**	**12577.23**

*अन्य सेवाएं एवं विविध: इसमें, डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र, आधार नामांकन/अद्यतन सुविधा, रेल यात्री आरक्षण सुविधा, जन सेवा केंद्र, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स की बिक्री, जनोपयोगी बिल भुगतान तथा अन्य प्रशासकों से/को निवल प्राप्तियां/भुगतान आदि शामिल हैं।

(ख) जी, हां। वित्त मंत्रालय प्रति वर्ष विभाग के लिए राजस्व लक्ष्य निर्धारित करता है। चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य निम्नानुसार हैं :

क्र. सं.	**विवरण**	**लक्ष्य (करोड़ में)**
1	वाणिज्यिक प्राप्तियां	5530.6
2	एजेंसी प्रभार	6708.15
3	वसूलियां	1300.00

(ग) एवं (घ) 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार, डाक विभाग में कुल 1,77,479 पोस्टमास्टर, पोस्टमैन और अन्य स्टाफ है। वहीं, 2,67,152 ग्रामीण डाक सेवक भी कार्यरत हैं। रिक्त पदों पर भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। इस कार्य को विभागीय पदोन्नति समिति, विभागीय परीक्षा और कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम के साथ-साथ भर्ती नियमों में किए गए प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक डाक सर्कल द्वारा भी नियमित रूप से पूरा किया जा रहा है।

(ड.) जी, हां। डाक एवं पार्सलों को विविध डाक सेवाओं के माध्यम से देश के विभिन्न भागों में डिलिवर किया जा रहा है। डाक विभाग, मेल की प्रोसेसिंग के लिए वेब आधारित ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों का तथा डाक-वस्तुओं की डिलिवरी के लिए डिलिवरी प्रबंधन प्रणाली/पोस्टमैन मोबाइल ऐप का प्रयोग करता है। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी संबंधी बदलाव जैसे डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशन, सिस्टम आधारित छंटाई, एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस को अपनाया गया है।

*****